http://www.onlinebu.com

AE-1065

B.A. (Part - II)
Term End Examination, 2016-17

HINDI LITERATURE

हिन्दी साहित्य

Paper - I

अर्वाचीन हिन्दी काव्य

http://www.onlinebu.com

Time : Three Hours] [*Maximum Marks* : 75

नोट : **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक उनके दाहिनी ओर अंकित हैं।

इकाई -I

1. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 7×3

(क) सबसे प्रथम कर्त्तव्य है शिक्षा बढ़ाना देश में,
शिक्षा बिना ही पड़ रहे हैं आज हम सब क्लेश में।
शिक्षा बिना कोई कभी बनता नहीं सत्पात्र है,
शिक्षा बिना कल्याण की आशा दुराशा मात्र है॥

http://www.onlinebu.com

http://www.onlinebu.com

http://www.onlinebu.com

(ख) वर दे वीणा वादिनी वर दे।
प्रिय स्वतन्त्र-स्व अमृत-मन्त्र नव
भारत में भर दे।
काट अन्ध-उर के बन्धन-स्तर
बहा जननी ज्योतिर्मय निर्झर,
कलुप-भेद-तम हर प्रकाश भर
जगमग जग कर दे।

(ग) सुरपति के हम ही है अनुचर,
जगत्प्राण के भी सहचर,
मेघदूत की सजल कल्पना,
चातक के प्रिय जीवन धर,
मुग्ध शिखी के नृत्य मनोहर,
सुभग स्वाति के मुक्ताकर,
विहंग वर्ग के गर्भ विधायक,
कृपक बालिका के जलधर।

(घ) उठो कारा बनाओ इस गरीबी को
रहो मत दूर अपनों के निकट आओ,
बड़े गहरे लगे हैं घाव सदियों के
मसीहा इनको ममता भर के सहलाओ।

(ङ) जो कली खिलेगी जहाँ, खिली,
जो फूल जहाँ है, जो भी सुख
जिस भी डाली पर, हुआ पल्लवित, पुलकित,
मैं उसे वहीं पर, अक्षत, अनाघात, अस्पष्ट अनाविल,
हे महाबुद्ध। मैं अर्पित करती हूँ तुझे।

http://www.onlinebu.com

http://www.onlinebu.com

इकाई -II

2. "मैथिलीशरण गुप्त राष्ट्रीयता और जागरण के कवि हैं।" इस कथन की पुष्टि कीजिए। 12

अथवा

सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' की काव्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

इकाई - III

3. "पंत प्रकृति के सुकुमार कवि हैं।" इस कथन की पुष्टि कीजिए। 12

अथवा

कवि माखनलाल चतुर्वेदी की कविता में राष्ट्र के प्रति प्रेम की भावना है - स्पष्ट कीजिए।

अथवा

अज्ञेय के काव्य की भावपक्ष एवं कलापक्ष की दृष्टि से विवेचना कीजिए।

इकाई - IV

4. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन पर टिप्पणियाँ लिखिए : 5×3

(क) हरिऔध का जीवन परिचय

(ख) प्रयोगवाद की विशेषताएँ

(ग) श्रीकान्त वर्मा की प्रमुख कृतियाँ

(घ) सुभद्रा कुमारी चौहान की कविताओं का मूल स्वर

(ङ) छायावाद की प्रमुख विशेषताएँ

http://www.onlinebu.com
http://www.onlinebu.com
http://www.onlinebu.com

http://www.onlinebu.com

इकाई -V

5. निम्नलिखित में से किन्हीं पन्द्रह वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×15

(क) 'एक भारतीय आत्मा' उपनाम से प्रसिद्ध कवि का नाम लिखिए।

(ख) 'साकेत' एवं 'भारत भारती' के रचनाकार का नाम लिखिए।

(ग) छायावाद का सूत्रधार किसे माना जाता है?

(घ) 'हरिऔध जी' का पूरा नाम लिखिए।

(ङ) 'प्रथम तार सप्तक' का प्रकाशन वर्ष लिखिए।

(च) छायावादी काव्यधारा के तीन कवियों के नाम लिखिए।

(छ) 'कितनी नावों में कितनी बार' के रचयिता कौन हैं?

(ज) विद्रोही कवि की संज्ञा किसे दी जाती है?

(झ) 'तोड़ती पत्थर' कविता के रचनाकार का नाम लिखिए।

(ञ) अर्वाचीन हिन्दी काव्य के सम्पादक का नाम बताइए।

(ट) साकेत की नायिका का नाम बताइए।

(ठ) राष्ट्रीय बसंत की प्रथम कोकिला किसे कहा जाता है?

(ड) 'दुर्वाचल' किसकी रचना है?

(ढ) अज्ञेय किसके जनक कहे जाते हैं?

(ण) सुमित्रानन्दन पंत द्वारा रचित हाकाव्य का नाम बताइए।

(त) सुभद्रा कुमारी चौहान का जन्म कहाँ हुआ था?

(थ) 'साम्राज्ञी का नैवेद्यदान' किसकी रचना है?

(द) नई कविता का जन्म कब से माना जाता है?

http://www.onlinebu.com